# प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
**इंदिरा ब्रिज के निकट, भाट गाँव, जिला गांधीनगर - 382 428**

**विज्ञापन संख्या – 06/2025**
**<u>रिसर्च एसोसिएट के पद हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू</u>**

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (IPR), भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग का एक सहायता प्राप्त संस्थान है, जो मूलभूत प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन एवं प्लाज़्मा के औद्योगिक व सामाजिक अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों हेतु समर्पित है।

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (IPR) में स्थित प्लाज़्मा थ्रस्टर अनुभाग में परियोजना हेतु रिसर्च एसोसिएट (RA) पद हेतु **22 जुलाई 2025** को वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है।

| पद का नाम | रिक्तियाँ | आवश्यक योग्यता |
|---|---|---|
| रिसर्च एसोसिएट (RA) | 01 | भौतिकी में पीएच.डी. (प्रायोगिक प्लाज़्मा भौतिकी में विशेषज्ञता सहित ) |

**आवश्यक अनुभव:** पीएच.डी. (अनंतिम/अंतिम) प्राप्त करने के बाद कम से कम 2 वर्षों का अनुभव।

**वांछनीय अनुभव:**

• उम्मीदवार को प्लाज़्मा प्रायोगिक प्रणाली के संचालन का अनुभव होना चाहिए।
• प्रवाह को मापने के लिए विद्युत नैदानिक, जैसे मैक प्रोब आदि के विकास कार्य में अनुभव।
• अन्य प्लाज़्मा नैदानिक, जैसे लैंगमुइर प्रोब, बी डॉट प्रोब, आरएफईए, ओईएस का ज्ञान वांछनीय है।
• स्व-विकसित कंप्यूटर रूटीन का उपयोग करके प्रायोगिक डेटा विश्लेषण का अनुभव।
• तकनीकी दस्तावेज़ तैयार करने का अनुभव।

**कार्य का स्वरूप:**

- किए जाने वाले कार्यों में हेलिकॉन प्लाज्मा थ्रस्टर उपकरण का संचालन करना एवं उसमें प्रयोग करना शामिल है। विशेष रूप से, उच्च घनत्व वाले प्लाज्मा परिदृश्य में सुपरसोनिक/हाइपरसोनिक प्लाज्मा प्रवाह का मापन MACH प्रोब का उपयोग करके किया जाना आवश्यक है। इस कार्य का समग्र स्वरूप हेलिकॉन प्लाज्मा थ्रस्टर में प्रयोगों की योजना बनाना एवं उन्हें क्रियान्वित करना, प्लाज्मा प्रवाह का मापन करना तथा प्राप्त प्रयोगात्मक आंकड़ों का विश्लेषण करना शामिल है।
- तकनीकी दस्तावेजों तैयार करना।

**नियुक्ति की अवधि:** यह पद पूर्णतः अस्थायी है। प्रारंभ में नियुक्ति **15 मार्च 2026** तक के लिए होगी।

**चयन प्रक्रिया:** चयन केवल वॉक-इन-इंटरव्यू में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

**पारिश्रमिक:** रिसर्च एसोसिएट (RA) को मासिक फेलोशिप का भुगतान, परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) के कार्यालय ज्ञापन संख्या 10/1(21)/2014/Fellowship/R&D-II/14812, दिनांक 09 नवंबर 2023 या समय-समय पर परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा जारी अद्यतन अनुशंसाओं के अनुसार प्रदान किया जाएगा। अन्य शर्तें एवं नियम भी परमाणु ऊर्जा विभाग के उपरोक्त कार्यालय ज्ञापन के अनुसार लागू होंगे। आईपीआर सीएचएसएस चिकित्सा सुविधा केवल स्वंय के लिए उपलब्ध होगी और इस सुविधा हेतु वेतन से मासिक कटौती आईपीआर सीएचएसएस नियमों के अनुसार की जाएगी।

| |
|---|
| **RA-I:** ₹58,000/- प्रतिमाह + मकान किराया भत्ता (HRA) |
| **RA-II:** ₹61,000/- प्रतिमाह + मकान किराया भत्ता (HRA) |
| **RA-III:** ₹67,000/- प्रतिमाह + मकान किराया भत्ता (HRA) |

**ध्यान दें:**

रिसर्च एसोसिएट्स का पारिश्रमिक उपरोक्त तीनों फेलोशिप स्तरों में से किसी एक पर उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। इंटरव्यू समिति द्वारा निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर यह तय किया जाएगा कि उम्मीदवार को किस स्तर (RA-I/RA-II/RA-III) पर रखा जाएगा:

i) पीएच.डी. शोधप्रबंध (थीसिस) की गुणवत्ता
ii) पीएचडी के बाद शोध कार्य में अनुभव, जो प्रकाशनों और/या डिजाइन और विकसित उत्पादों/प्रक्रियाओं की गुणवत्ता से प्रमाणित हो और
iii) चयन साक्षात्कार में प्रदर्शन

**सामान्य निर्देश:**

a) इच्छुक उम्मीदवार **22 जुलाई 2025 को प्रातः 9:00 बजे** साक्षात्कार के लिए **प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, इंदिरा ब्रिज के पास, भाट, गांधीनगर - 382 428, गुजरात** में सरकारी मान्यता प्राप्त फोटो पहचान पत्र के साथ उपस्थित हों।

b) उम्मीदवार को संलग्न निर्धारित प्रारूप में अपना बायोडेटा और उस पर हाल ही में लिया गया पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाया होना चाहिए। स्वप्रमाणित दस्तावेजों जैसे मार्कशीट, डिग्री प्रमाणपत्र, जन्मतिथि का प्रमाण (डी.ओ.बी.) और अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए।

**केवल निम्नलिखित प्रमाण पत्र/दस्तावेज जन्म तिथि प्रमाण (D.O.B) के लिए स्वीकार्य होंगे (कोई एक):**

- जन्म तिथि जैसा की प्रमाण पत्र में दर्ज है ।
- माध्यमिक विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र (SSLC)।
- मैट्रिक/माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि अंकित हो।

c) उम्मीदवारों को सत्यापन हेतु सभी मूल प्रमाणपत्र लाने होंगे।
d) सुबह 10:00 बजे के पश्चात उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जाएगा तथा उनके आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएँगे।

e) साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (IPR) को बिना किसी कारण बताए इस विज्ञापन को रद्द करने का पूर्ण अधिकार है और निदेशक- आईपीआर द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**कार्यकारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**

**नोट करें:** यदि 10 से अधिक उम्मीदवार उपस्थित होते हैं, तो केवल MSc या समकक्ष स्तर पर प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर प्रथम 10 को ही साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।